दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 14 मई 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 222

अंतराष्ट्रीय

हमास की कैद से रिहा हुए इजरायली -अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर

यरूशलम । इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर गाजा से रिहा होकर इजरायल पहुंचे। वह 19 महीने तक हमास की कैद में रहे थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अलेक्जेंडर अपने परिवार से मिलने के लिए गाजा पट्टी से सटे दक्षिणी इजरायल के रीम सैन्य अड्डे पर पहुंचे। गाजा में पहले ली गई एक तस्वीर में अलेक्जेंडर एक काली टी-शर्ट और बेसबॉल टोपी पहने हुए दिखाई दिए थे। वाशिंगटन और हमास के बीच सीधी बातचीत के बाद अलेक्जेंडर को रिहा किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, एडन अलेक्जेंडर, आखिरी जीवित अमेरिकी बंधक रिहा हो रहे हैं। उनके माता-पिता, परिवार और दोस्तों को बधाई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश एडन को गले लगाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायली सरकार सभी बंधकों और लापता लोगों- जीवित और मृत को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जब तक सभी घर नहीं लौट जाते, तब तक अथक प्रयास करेंगे।

सीजफायर नहीं तो व्यापार नहीं', भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

न्यूयॉर्क । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर नहीं होता तो परमाणु युद्ध हो जाता। डोनाल्ड ट्रंप का यह संबोधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन से ठीक पहले हुआ। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देश परमाणु युद्ध के मुहाने पर आ गए थे। इस बीच ट्रंप ने साफ कर दिया कि दोनों देशों के बीच सीजफायर नहीं हुआ तो व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान को व्यापार में मदद करने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते के मद्देनजर उनकी मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने दोनों देश के बीच हालाता को सामान्य बनाने की कोशिश का श्रेय अपने प्रशासन को दिया है। ट्रंप ने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व अडिग और शक्तिशाली था, लेकिन दोनों ही मामलों में अडिग, वे वास्तव में ताकत, बुद्धि और धैर्य रखने के दृष्टिकोण से अडिग थे, ताकि वे स्थिति की गंभीरता को पूरी तरह से समझ सकें। और हमने बहुत मदद की और हमने व्यापार में भी मदद की। मैंने कहा। चलो, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। चलो इसे रोकते हैं। अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करने जा रहे हैं। लोगों ने वास्तव में कभी भी व्यापार का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया है जिस तरह से मैंने किया है।

अमेरिका ने चौथे दौर की परमाणु वार्ता के बाद ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की

वाशिंगटन । अमेरिका और ईरान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के तीन नागरिकों और एक इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह इकाई तेहरान के रक्षात्मक नवाचार और अनुसंधान संगठन से जुड़ी है। फारसी में इसे एसपीएनडी के नाम से जाना जाता है। एसपीएनडी ईरान के 2004 से पहले के परमाणु हथियार कार्यक्रम का प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी है। इसे अमाद परियोजना के रूप में भी जाना जाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को एक बयान में कहा, जिन व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है वे सभी ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान करते हैं। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का पर्याप्त विस्तार करना जारी रखता है और परमाणु हथियारों और परमाणु हथियार वितरण प्रणालियों पर लागू दोहरे उपयोग वाले अनुसंधान और विकास गतिविधियों को अंजाम देता है। ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं है, लेकिन फिर भी वह 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। वह विदेशी कंपनियों से दोहरे इस्तेमाल वाली चीजें खरीदने के लिए नकली कंपनियों और एजेंटों का इस्तेमाल करके अपने प्रयासों को छिपा रहा है। बयान में आगे कहा गया है, संयुक्त राज्य अमेरिका की कार्रवाई का उद्देश्य परमाणु हथियारों के अनुसंधान और विकास के लिए एसपीएनडी की क्षमता कम करना है।

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के पोस्टर जारी, सुरक्षाबलों ने तेज की कार्यवाई; 20 लाख का रखा इनाम

नई दिल्ली । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। इस हमले में शामिल तीन आतंकियों के पोस्टर जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें पहचानने और पकडऩे के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकियों को जल्द से जल्द उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा – यही भारत की प्रतिबद्धता है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने संबोधन में दोहरा चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इनकी पहचान या ठिकाने की जानकारी हो तो वह तुरंत सुरक्षाबलों को सूचित करे। इस अभियान का उद्देश्य न केवल आतंकियों की धर-पकड़ है, बल्कि आतंक के खिलाफ जनसहयोग को भी मजबूत करना है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन इलाके में पाकिस्तानी आतंकियों ने पर्यटकों पर घातक हमला कर दिया था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर करारा प्रहार किया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर मिसाइल, ड्रोन और फाइटर जेट से हमला करने की कोशिश की। भारतीय सेना की सख्त एयर डिफेंस प्रणाली ने इन हमलों को नाकाम कर दिया।

हमले के बाद भारत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए। जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय दबाव और

भारत के रुख के कारण घुटनों पर आना पड़ा और शांति की अपील करनी पड़ी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू हुआ। अनंतनाग पुलिस ने ऐलान किया है कि हमले में शामिल आतंकियों की जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। जानकारी देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

यदि आपके पास कोई महत्वपूर्ण जानकारी है, तो आप नीचे दिए गए नंबरों या ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं:

SSP अनंतनाग: 9596777666

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना का 'ऑपरेशन केल्लर' शुरू, शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी ढेर

शोपियां । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ केल्लर के शुकरू वन क्षेत्र में हुई है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, तो जंगलों में छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने जवाब दिया। इस गोलीबारी के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए।

अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय इंडियन आर्मी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। उन्होंने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें 'ऑपरेशन केल्लर' लिखा हुआ है। एक्स पर पोस्ट में बताया गया, ऑपरेशन केल्लर, 13 मई 2025 को राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर शोपियां के शोकल केल्लर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। भारतीय सेना ने तलाशी और विनाश ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसके बाद तीव्र मुठभेड़ हुई और इसमें तीन आतंकवादी मारे गए। फिलहाल ऑपरेशन अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कई आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर भारी नुकसान पहुंचाया है। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए और पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह कर दिए गए। इस कार्रवाई से पाकिस्तान को भारी सैन्य और आर्थिक नुकसान हुआ। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा हुई।

सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित, 88.39 फीसदी स्टूडेंट हुए पास

नई दिल्ली । आरएनएस

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं के नतीजे 2025 जारी हो गए हैं। परीक्षा में 88.39 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbseresults.nic.in और results.cbse.nic.in पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। इस साल 12वीं कक्षा में 16,92,794 ने परीक्षा में हिस्सा लिया था और उसमें से 14,96,307 स्टूडेंट पास हो गए हैं। इस वर्ष कुल मिलाकर 44 लाख से अधिक छात्रों ने बोर्ड परीक्षा दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त हुई थीं, जबकि कक्षा 12वीं की अंतिम परीक्षा 4 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

CBSE ने छात्रों को सूचित किया है कि स्टूडेंट्स अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट्स — cbse.gov.in, cbseresults.

nic.in और results.cbse.nic.in — पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र अपने डिजिटल मार्कशीट और प्रमाणपत्र को DigiLocker ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड छात्रों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS भेजकर DigiLocker लॉगिन आईडी और एक्सेस कोड साझा करेगा, जिससे वे आसानी से लॉगिन कर सकते हैं। इसी के साथ, UMANG ऐप और सूस् सेवा के माध्यम से भी छात्र परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

पकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के चार जिलों के स्कूल अभी भी बंद

चंडीगढ़ । आरएनएस

भारत-पाक संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के चार जिलों में स्कूल अभी भी बंद हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि गुरदासपुर को छोडक़र पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के इन जिलों में एहतियात के तौर पर मंगलवार को स्कूल बंद रहेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के तुरंत बाद अमृतसर, पठानकोट, जालंधर और होशियारपुर में अधिकारियों ने लोगों से जरूरी न होने पर बाहर निकलने से बचने की अपील की और सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट लागू कर दिया। जालंधर में सोमवार शाम को सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को

मार गिराया।

जालंधर के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल ने कहा, मुझे बताया गया है कि मंड गांव के पास रात करीब 9.20 बजे सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को मार गिराया। विशेषज्ञों की एक टीम मलबे की तलाश कर रही है। बाद में अग्रवाल ने कहा कि रात 10 बजे के बाद जालंधर में कोई ड्रोन गतिविधि नहीं हुई। रात 10.45 बजे एक संदेश में उन्होंने लोगों को मलबे के पास न जाने और तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करने की सलाह दी।

होशियारपुर डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने दसूया इलाके में कुछ धमाके सुने जाने की पुष्टि की और फिर सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों से मिली जानकारी के आधार पर दसूया और मुकेरिया इलाकों में ब्लैकआउट लगाया गया है। सीमावर्ती जिले अमृतसर में सामान्य गतिविधि देखी गई, लेकिन अलर्ट जारी किया गया और साथ ही सोमवार को कुछ घंटों के लिए ब्लैकआउट लगाया गया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से अमृतसर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को राज्य के अन्य हिस्सों में ड्रोन गतिविधि देखे जाने के बाद डायवर्ट किया गया।

सुबह-सुबह अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने 'एक्स' पर लिखा, अब आपको एक छोटा सा सायरन सुनाई दे सकता है - यह दर्शाता है कि अलर्ट खत्म हो गया है और हम अपनी सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

पठानकोट जिला भी अलर्ट पर रहा क्योंकि कथित तौर पर भारत-पाक सीमा पर स्थित बामियाल इलाके में ड्रोन देखे गए। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा पार आतंकवाद के लिए इस्लामाबाद की कड़ी आलोचना की और कहा कि 'बातचीत और आतंक', 'खून और पानी' एक साथ नहीं चल सकते।

अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत

❑ **सीएम मान और केजरीवाल बोले- दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा**

अमृतसर । आरएनएस

पंजाब के अमृतसर के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दुख जताया। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषियों को कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने 'एक्स' पर लिखा, मजीठा के आसपास के गांवों में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत की दुखद खबर मिली है। मासूम लोगों के इन हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ये मौतें नहीं, कत्ल हैं। जहरीली शराब से लोगों के घरों में मातम का माहौल

बनाने वाले इन दोषियों को कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

उन्होंने आगे कहा, मैं परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। पंजाब सरकार पीडि़त परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर लिखा, मजीठा में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हुई है। इसमें जो लोग भी शामिल हैं, वे चाहे कितने भी रसूख वाले क्यों न हों, कितने भी बड़े क्यों न हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलेगी। जिन लोगों की दुखद मौत हुई है, उनके परिवारों को भगवान शक्ति दे। उन लोगों की आत्मा को शांति दे।

इस बीच, अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने मीडिया से बात करते हुए बताया, प्रशासन ने मजीठा विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों में जहरीली शराब के सेवन से हुई मौतों की समीक्षा की है, जहां करीब 14 लोगों की मौत हो गई है और करीब छह अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हम घर-घर जाकर लोगों से मेडिकल जांच कराने का आग्रह कर रहे हैं, क्योंकि इस शराब का असर 24 से 48 घंटों तक रह सकता है और अभी भी कई लोग खतरे में हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमने इस शराब मामले में शामिल आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। हम जनता से अपील करते हैं कि वे ऐसे पदार्थों को ऑनलाइन न खरीदें, न ही उनका सेवन करें और सतर्क रहें।

अमृतसर के मजीठा में कम से कम 14 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। इस मामले में पंजाब पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

मजीठा में नकली शराब मामले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा, कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू (मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई), साहिब सिंह उर्फ सराय, निवासी मारड़ी कलां, गुर्जंत सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता, निवासी थींरेवाल को गिरफ्तार किया गया है। अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी ने इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की है।

चार साल की मासूम से दरिंदगी करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कामयाबी

बस्ती । आरएनएस

बस्ती जनपद में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाला आरोपी दीपक, पुलिस को देखते ही हिंसक हो उठा और उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने साहसिक ढंग से मोर्चा संभाला और आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी। इसके बाद आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया।

यह मुठभेड़ मूड़घाट इलाके के पास हुई। घायल आरोपी दीपक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दीपक बस्ती जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की घटना के बाद जिलेभर में आक्रोश था और मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। लगातार सर्च ऑपरेशन और तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रैक की गई और आखिरकार 24 घंटे के भीतर उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने कहा, इस तरह के जघन्य अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

यूपी के हरदोई के रामगंगा नदी में सात लोग डूबे, चार को बचाया गया

हरदोई । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के अरवल थाना क्षेत्र में सोमवार को रामगंगा नदी में एक बड़ा हादसा हुआ। नदी पार फसल देखने गए एक ही परिवार के सात लोग नदी की तेज धारा में अचानक बह गए। स्थानीय लोगों की मदद से चार लोगों को बचा लिया गया, लेकिन तीन बच्चे अब भी लापता हैं।



दिवारी लाल और बलराम फेरे के परिवार रामगंगा नदी के पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज की खेती करते हैं। हर दिन की तरह वह सोमवार को भी नाव के जरिए नदी पार कर खेत से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कुंडा नदी की तेज धारा में नाव असंतुलित हो गई और उसमें सवार सभी लोग नदी में गिर गए।

हादसे के बाद दिवारी लाल, सुमन, निर्मल और काजल को वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाल लिया। लेकिन, बलराम फेरे का 14 वर्षीय बेटा शिवम, आठ वर्षीय बेटी सुनैना और उसकी 13 वर्षीय भांजी सोनिका का कोई पता नहीं चला। इन तीनों के नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश की जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद हैं और बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। अब तक कोई शव बरामद नहीं हुआ है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजन बच्चों की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

पाकिस्तान का बड़ा कबूलनामा : भारत की कार्यवाई में हुआ भारी नुकसान, 11 पाक सौनिक ढेर; 78 घायल

नई दिल्ली । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव काफी बढ़ गया था और दोनों तरफ से सैन्य टकराव की खबरें आई थीं। अब पाकिस्तान ने स्वयं इस टकराव में अपने सैन्य नुकसान की बात कबूल की है।

जानकारी के अनुसार, पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों पर कार्रवाई करने का प्रण

लिया था। बताया जा रहा है कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तान में पनाह ले रहे कई खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने का दावा किया गया।

भारत की इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने भी कथित तौर पर भारत पर हमला बोला। इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी कड़ी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तान के कई सैनिक मारे गए।

अब पाकिस्तान की सेना के मीडिया विंग ने स्वयं इस नुकसान का कबूलनामा किया है। मंगलवार को जारी एक बयान में पाक सेना ने स्वीकार किया है कि हाल ही में दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढऩे के दौरान भारत की ओर से हुई कार्रवाई में पाकिस्तान के 11 सैनिक मारे गए और 78 घायल हुए।

भारत और पाकिस्तान के बीच यह सैन्य टकराव तब हुआ जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद का सफाया करने का संकल्प लिया और कथित तौर पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कार्रवाई की।